# अनुमंडल कार्यालय, सिमरी बख्तियारपुर।

## –::विकास मित्र के रिक्त पद पर नियोजन से संबंधित सूचना::–

मिशन निदेशक, बिहार महादलित विकास मिशन, बिहार, पटना के पत्रांक–1317, दिनांक–21.06.2024 एवं पत्रांक–838, दिनांक–20.04.2022 तथा जिला पदाधिकारी, सहरसा के पत्रांक–209/मि0क0 दिनांक–09.04.2025 के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा विकास मित्र चयन मार्गदर्शिका (पंचम चरण) के अनुरूप विकास मित्र नियोजन की प्रक्रिया के तहत् आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

सहरसा जिलान्तर्गत अनुमंडल, सिमरी बख्तियारपुर में रिक्ति की विवरणी निम्नवत है :–

| क्र० सं० | प्रखंड का नाम | पंचायत का नाम | जाति बहुलता | कोटि | रिक्ति की सं० |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बनमा ईटहरी | ईटहरी | मुसहर | अन्य (महिला/पुरूष) | 01 |

**योग्यता:–** मैट्रिक/समकक्ष में सर्वाधिक प्रतिशत प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का चयन मेधा सूची के आधार पर किया जायेगा। मैट्रिक/समकक्ष पास अभ्यर्थी नहीं मिलने पर ननमैट्रिक, नौवीं पास, आठवीं पास, सातवीं पास, छठी पास, पाँचवीं पास का नियोजन किया जायेगा। महिलाओं के लिए शैक्षणिक योग्यता नहीं मिलने पर साक्षर होने पर भी चयन किया जायेगा, बशर्ते कि वे अक्षर आँचल योजना एवं स्वयं सहायता समूह के साथ जुड़ी हों तथा वे सामाजिक कार्य में प्रगतिशील सक्रिय महिला हों।

2. महादलित आवेदक की उम्र दिनांक–01.01.2025 को न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 50 वर्ष होगी।
3. प्रत्येक पंचायत एवं वार्ड कलस्टर में महादलित जाति की बहुलता पहले से निर्धारित है।
4. आवेदक महादलित परिवार से होगा। पंचायत/वार्ड समूह (कलस्टर) (शहरी) में जिस महादलित जाति की बहुलता होगी उसी जाति के अभ्यर्थी का चयन किया जायेगा।
5. जिस पंचायत/वार्ड समूह (कलस्टर) (शहरी) में विकास मित्र का चयन किया जाना है, वहीं के निवासी से आवेदन प्राप्त किया जायेगा एवं चयन किया जायेगा।
6. आवेदन के साथ मैट्रिक/समकक्ष का अंक पत्र, मूल प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

**नियोजन की प्रक्रिया हेतु गतिविधियाँ एवं समयावधि निम्नांकित है:**

| क्र0 सं0 | गतिविधि | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | संबंधित प्रखंड में आवेदन पत्र प्राप्त करना | 22.04.2025 से 10.05.2025 तक |
| 2 | मेधासूची तैयार करना एवं प्रकाशन करना | 15.05.2025 |
| 3 | मेधासूची पर आपत्ति प्राप्त करना एवं निराकरण | 17.05.2025 से 24.05.2025 |
| 4 | चयन सूची का प्रकाशन | 19.05.2025 |
| 5 | नियोजन पत्र वितरण/शपथ ग्रहण/उन्मुखीकरण | 04.06.2025 |

आवेदन विहित प्रपत्र में लिया जायेगा। विहित प्रपत्र संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी/अनुमंडल पदाधिकारी/जिला कल्याण पदाधिकारी के कार्यालय/सहरसा जिला की वेबसाइट saharsa.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।

अधिक जानकारी के लिए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी/अनुमंडल पदाधिकारी/जिला कल्याण पदाधिकारी के कार्यालय से कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं अथवा सहरसा जिला की वेबसाइट saharsa.nic.in से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

16/04/25

अनुमंडल पदाधिकारी
सिमरी बख्तियारपुर(सहरसा)।

अनुमंडल पदाधिकारी
सिमरी बख्तियारपुर(सहरसा)